तारीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल जज **बुधाराम भाटी** **बनाम** **लोक सूचना अधिकारी, (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर)** सू.अ.अपील संख्या–ऑनलाईन अपील संख्या 353507093036702	नं. व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए
09 / 06 / 26	अपीलार्थी बुधाराम भाटी निवासी ग्राम पंचायत रावनियाना पंचायत समिति पीपाड़ शहर, जोधपुर द्वारा लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को सूचना का अधिकार के तहत प्रार्थना पत्र दिनांक 16.04.2026 ग्राम पंचायत रावनियाना पंचायत समिति पीपाड़ शहर, जोधपुर में खसरा संख्या 774 से दिनाक 28.10.2025 को अवैध कब्जा हटवाने हेतु जिला कलक्टर जोधपुर को जरिये डाक प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया था। जिसके संबंध में की गई कार्यवाही से संबंधित संपूर्ण दस्तावेज की प्रमाणित प्रति एवं व अन्य विविध सूचना के लिए प्रेषित किया गया तथा उक्त लोक सूचना अधिकारी द्वारा सूचना नहीं दी गई, जिससे व्यथित होकर यह अपील पेश हुई। अपील में रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) को नियत सुनवाई तिथि को आवश्यक दस्तावेज सहित (तथ्यात्मक) उपस्थित होने एवं अपीलार्थी को सुनवाई तिथि हेतु आरटीआई पोर्टल के माध्यम से नोटिस जारी किया गया। हमने पत्रावली का अवलोकन किया। नियत सुनवाई तिथि पर रेस्पो. पक्ष अनुपस्थित एवं अपीलार्थी उपस्थित। रेस्पो. पक्ष लोक सूचना अधिकारी (अपर जिला कलक्टर (शहर प्रथम) जोधपुर) ने अपनी तथ्यात्मक रिपोर्ट प्राप्त 705 दिनांक 18.05.2026 द्वारा अवगत करवाया की अपीलार्थी द्वारा वांछित सूचना कार्यालय के पत्र दिनांक 01.05.2026 द्वारा ऑनलाईन उपलब्ध करवाई जा चुकी है। अतः उपरोक्त तथ्यात्मक रिपोर्ट के आधार पर अपील खारिज योग्य होने से अस्वीकार की जाती है। आदेश की प्रति संबंधित को सूचनार्थ एवं पालनार्थ प्रेषित हो। आदेश सुनाया गया। (आलोक रंजन) जिला कलक्टर, जोधपुर	

RajKaj Ref No.:
22737989
M e-Sign

Signature valid
Digitally signed by A[illegible] Ranjan
Designation: Colle[illegible]r and District
Magistrate
Date: 2026.06.[illegible] [illegible]2:23:37 IST
Reason: Approved